आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 20.04.2024

मुख्य समाचारः—

1— प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत आज की गई नामांकन पत्रों की जांच—सात संसदीय क्षेत्रों में एक सौ सत्यासी उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए।

2— दूसरे और तीसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार पकड़ रहा है जोर—उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल राजनांदगांव, कोरबा और बिलासपुर क्षेत्रों में लेंगे सभाएं। वहीं, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भी कल राजनांदगांव क्षेत्र में चुनावी सभाएं संबोधित करेंगी।

3— ओड़िशा के झारसुगुड़ा जिले में महानदी में नाव पलटने से रायगढ़ जिले के आठ लोगों की मौत हो गई।

4— शराब घोटाला मामले में ईडी की टीम रायपुर में सेवानिवृत्त आईएएस अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा से कर रही है पूछताछ।

तीसरा चरण—नामांकन

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत प्रदेश के सात संसदीय क्षेत्रों में आज नामांकन पत्रों की जांच की गई। इसमें एक सौ सत्यासी उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए।

कल नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख तक इन सात संसदीय क्षेत्रों में कुल दो सौ नौ उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए थे। जांच के बाद आज इनमें से बाईस उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए।

इस तरह अब सरगुजा संसदीय क्षेत्र में बारह, रायगढ़ में पन्द्रह, जांजगीर—चांपा में बीस और कोरबा लोकसभा क्षेत्र में उनतीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, बिलासपुर में बयालीस, दुर्ग में पच्चीस और रायपुर लोकसभा क्षेत्र में अब चवालीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

तीसरे चरण के तहत बाईस अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। इन सात संसदीय क्षेत्रों में सात मई को वोट डाले जाएंगे।

लोकसभा चुनाव—प्रचार

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा अन्य राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों के आने का सिलसिला जारी है।

इसी कड़ी में वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कुमरदा गांव में चुनावी सभा लेंगे। इसके बाद वे कल कोरबा में और बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के बेलतरा में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

वहीं, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भी कल छत्तीसगढ़ के दौरे पर पहुंचेंगी। श्रीमती गांधी कल राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में बालोद के हथोद और मोहड़ में चुनावी सभाएं लेंगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेईस अप्रैल को जांजगीर—चांपा लोकसभा क्षेत्र के सक्ती और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के धमतरी में जनसभा लेंगे। इसके बाद चौबीस अप्रैल को अंबिकापुर में भी उनकी चुनावी सभा प्रस्तावित हैं। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बाईस अप्रैल को काँकेर में और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी बाईस अप्रैल को ही लोरमी, आरंग और भिलाई में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

भाजपा/कांग्रेस—प्रचार

जांजगीर में कल भाजपा उम्मीदवार कमलेश जांगड़े की नामांकन रैली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस मौके पर आमसभा को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है। यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। इस चुनावी सभा को उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने भी संबोधित किया।

दूसरी ओर, चुनावी प्रचार अभियान के तहत जांजगीर पहुंची कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेरा ने भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया। जांजगीर में प्रेस कांन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सुश्री खेरा ने कहा कि केन्द्र सरकार के दस साल में ना तो महंगाई कम हुई और ना ही रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश की जनता से जो वादे किए गए थे, वह भी पूरे नहीं हुए।

पहला चरण मतदान–प्रतिशत

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बस्तर संसदीय क्षेत्र में कल हुए मतदान के आज अंतिम आंकड़े आ गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर सीट पर कल अड़सठ फीसदी से अधिक मतदान हुआ है। बस्तर जिले में सबसे अधिक तिरासी फीसदी और बीजापुर जिले में सबसे कम तिरालीस प्रतिशत वोट डाले गए हैं। वहीं, जगदलपुर में पचहत्तर, चित्रकोट में छिहत्तर, दंतेवाड़ा में सड़सठ, कोंडागांव में पचहत्तर और कोंटा में चौव्वन तथा नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में अड़सठ प्रतिशत मतदान हुआ है।

इस संसदीय क्षेत्र के दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्रों में भेजे गए अधिकांश मतदान दल वापस आ गए हैं। हालांकि कुछ मतदान दलों का आना अभी बाकी है। बीजापुर जिले के छिहत्तर अति–संवेदनशील क्षेत्रों के लिए मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया था, जिनमें से पैंसठ मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है। वहीं, बचे हुए ग्यारह मतदान दलों को सुरक्षित वापस लाने की तैयारी चल रही है।

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगो को मतदान के लिए जागरूक करने अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसके तहत मुंगेली के जैव विविधता पार्क खुड़िया में वन और उद्यानिकी विभाग द्वारा आम, महुआ तथा चिरौंजी के बीज से बनी स्वीप रंगोली के जरिए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस मौके पर लोगों को बिना किसी प्रलोभन के स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

वहीं, मुंगेली कलेक्टोरेट परिसर में भी महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दोपहिया वाहनों की रैली निकाल कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। ''शत–प्रतिशत मतदान मुंगेली जिले का अभिमान'' नारे के साथ यह रैली दाऊपारा, बलानी चौक, पड़ाव चौक होती हुई नया बस स्टैंड पहुंची।

इसी तरह, जांजगीर में भी कलेक्टोरट कार्यालय से आज शाम बाईक रैली निकाली गई। इसके बाद ऑडिटोरियम में स्वीप सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।

नाव हादसा–मौत

ओड़िशा के झारसुगुड़ा जिले में महानदी में नाव पलटने से रायगढ़ जिले के आठ लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा कल शाम हुआ। नाव में करीब सत्तर लोग सवार थे। ये लोग रायगढ़ जिले के अंजोरी पाली और कोतलिया गांव से ओड़िशा के पथरसेनी मंदिर में दर्शन के लिए गए हुए थे। इस हादसे के बाद पचास लोगों को बचा लिया गया है। वहीं, हादसे में मारे गए सभी आठ ग्रामीणों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मृतकों में पांच महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। हादसे के बाद बचाए गए अन्य ग्रामीणों को उनके गांव वापस भेज दिया गया है। जिला प्रशासन ने अंजोरी पाली और कोतलिया गांव में मेडिकल टीम को तैनात रहने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने बताया कि इस हादसे में मारे गए ग्रामीणों के परिजनों को चार–चार लाख रूपए की सहायता राशि दी जाएगी।

ईडी–पूछताछ

शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी की टीम सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा से पूछताछ कर रही है। आज अनिल टुटेजा और यश टुटेजा इस मामले में अपना बयान दर्ज करवाने रायपुर के ईओडब्ल्यू ऑफिस पहुंचे थे। ईडी की टीम वहीं से दोनों को अपने साथ लेकर पूछताछ करने के लिए रवाना हो गई है।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ईडी ने शराब घोटाला मामले में एक नई ई.सी.आई.आर. दर्ज की है।

अमन सिंह–कोर्ट

राज्य के पूर्व प्रमुख सचिव अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले को रायपुर की निचली अदालत ने बंद कर दिया है। राज्य सरकार की आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी, जिसके मुताबिक अमन सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला नहीं बनता है। इस रिपोर्ट को अदालत ने स्वीकार कर लिया है।

निर्वाचन आयोग–अनुग्रह राशि

बस्तर लोकसभा क्षेत्र में कल निर्वाचन ड्यूटी के दौरान माओवादी वारदात में शहीद हुए जवान के परिजनों को तीस लाख रुपए और घायल जवान को पन्द्रह लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार निर्वाचन कार्य में नियोजित सीआरपीएफ के शहीद आरक्षक और घायल असिस्टेंट कमांडेंट के लिए अनुग्रह राशि की मंजूरी दी जा रही है।

जैसे की खबर दी जा चुकी है कि कल बस्तर लोकसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के गलगम मतदान केंद्र के पास आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के आरक्षक देवेन्द्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे और इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस से रायपुर लाते समय उनका निधन हो गया था। वहीं, एरिया डोमिनेशन के दौरान भैरमगढ़ क्षेत्र के चिहका क्षेत्र में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी घायल हो गए थे, उनका इलाज रायपुर में चल रहा है।

सीआरपीएफ के शहीद आरक्षक देवेन्द्र कुमार को आज जगदलपुर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

<u>ट्रेन परिचालन</u>

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सरोना–कुम्हारी रेलवे स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली के कार्य की वजह से कुछ यात्री ट्रेनों का आज और कल परिचालन प्रभावित होगा। इस दौरान रायपुर–दुर्ग और रायपुर–डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल पैसेंजर ट्रेन रद्द रहेगी। इसी तरह, गोंदिया–रायपुर और इतवारी स्पेशल पैसेंजर ट्रेन भी नहीं चलेगी। वहीं, आज और कल अंतागढ़–रायपुर और ताड़ोकी–रायपुर ट्रेन दुर्ग तथा रायपुर के बीच रद्द रहेगी। इसके अलावा विशाखापटनम–दुर्ग एक्सप्रेस बेलसोंडा और दुर्ग के बीच नहीं चलेगी।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– रायपुर के अशोका बिरयानी में दो कर्मचारियों की मौत के मामले में पुलिस ने रेस्टोरेंट के चार कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

– जशपुर जिले में दोकड़ा चौकी के सूजीबहार इलाके में एक मोटर सायकल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में दो युवको की मौत हो गई।

– भिलाई में ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खिलाने के मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

– रायगढ़ जिले में धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज के तहत खर्रा गांव में हाथी के हमले में एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

– जगदलपुर में आज मौसम में बदलाव आया और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>